दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 12 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-219

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्यूनीशिया के समुद्र में डूबी नाव, 70 से अधिक प्रवासियों की मौत

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के स्फाक्श प्रांत में स्थित तट से 40 मील दूर समुद्र में नाव के डूबने से उसपर सवार उप सहाराई मूल के कम से कम 70 अवैध प्रवासियों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक मछली पकड़ने वाली नावों तथा मछुआरों ने 16 प्रवासियों की जान बचाई। यूरोप में अवैध रूप से प्रवेश की फिराक में रहने वाले प्रवासियों के नाव डूबने से इतने अधिक लोगों की मौत की सबसे बड़ी घटनाओं में यह भी शामिल हो गई है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है तथा इस दौरान और अधिक शवों के मिलने की आशंका को देखते हुए मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### सिरसाविरन गांव के एक घर से 5.40 लाख की चोरी

**हाजीपुर(आरएनएस)।** बिहार में वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के सिरसाविरन गांव में चोरो ने कल देर रात एक घर से पांच लाख 40 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार चोरो ने कल देर रात सिरसाविरन गांव निवासी रामानंद कुंअर के घर धावा बोला। इसके बाद चोरो ने नकद और आभूषण समेत पांच लाख 40 हजार रूपये मूल्य की संपत्ति चुरा ली और फरार हो गये। घटना के समय परिवार के सदस्य सोये हुये थे। आज सुबह जब वे उठे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला और उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में संबंधित थाना मे प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### होटल से नकद बरामद होने के बाद भाजपा सांसद रमा देवी पर मामला दर्ज

**मोतिहारी(आरएनएस)।** पूर्वी चंपारण जिले में छितौनी स्थित एक होटल के कमरे से चार लाख रुपये से अधिक नकद बरामद होने के बाद पुलिस ने शिवहर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निवर्तमान सांसद एवं प्रत्याशी रमा देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छितौनी स्थित शीतल होटल में सांसद रमा देवी के नाम से एक कमरा बुक था, जहां से कल देर रात पुलिस और आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर चार लाख नौ हजार रुपये से अधिक नकद बरामद किये हैं। इसके बाद छितौनी थाने में सांसद रमा देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, सांसद रमा देवी का कहना है कि उन्हें यह राशि अपने समर्थकों एवं प्रशंसकों से चंदा के रूप में प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान चंदा लेना कोई गलत बात नहीं है। गौरतलब है कि बिहार में छठे चरण के लोकसभा चुनाव में शिवहर सीट के लिए 12 मई 2019 को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा ने इस बार भी रमा देवी को उम्मीदवार बनया है।

### कार - ट्रक के टक्कर से तीन लोगों की मौत, दो घायल

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के बारां जिले शाहाबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या सताईस पर आज सुबह कार के ट्रक से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य दो गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश की तरफ जा रही कार सुबह क्षेत्र के मामोनी इलाके में यादव ढाबा के पास खड़ी ट्रक से टकरा गई और पलटी खाते हुए सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस ने बारां के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मूल रुप से उत्तर प्रदेश के मैनपुरी के रहने वाले ये लोग वर्तमान में गुजरात के अहमदाबाद में रहते थे। मृतकों में सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर नरेश सिंह चौहान (75), उनके भाई संदीप सिंह चौहान (44) और संदीप की बेटी अनामिका (14) शामिल है जबकि गंभीर रुप से घायल संदीप की पत्नी दुर्गेश नंदनी (43) और उनका बेटा आर्यन (17) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने खुलवाया।

## भारतीय वायुसेना को मिला पहला 'अपाचे' हेलीकॉप्टर

### » चीन-पाक सीमा पर होगी तैनाती



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायुसेना को अपना पहला लड़ाकू हेलीकॉप्टर अपाचे गार्जियन मिला गया है। अमेरिका में एरिज़ोना के मेसा में बोइंग की फैक्टरी से पहला अपाचे भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल ए एस बुटोला को दिया गया। बोइंग एएच-64 ई अपाचे को दुनिया का सबसे घातक हेलीकॉप्टर माना जाता है। पिछले साल अमेरिका ने भारतीय सेना को छह एएच-64 ई हेलीकॉप्टर देने का वादा किया था और समझौते पर हस्ताक्षर किया था। खबरों की मानें तो भारत इसे चीन और पाकिस्तानी सीमा पर तैनात करेगा। बोइंग एएच-64 ई अपाचे एक साथ कई काम करने में सक्षम है। अपाचे 365 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरता है। तेज गति के कारण यह दुश्मनों के टैंकरों के आसानी से परखच्चे उड़ा सकता है। अमेरिकी सेना के एडवांस अटैक हेलिकॉप्टर प्रोग्राम के लिए इस हेलीकॉप्टर को बनाया गया था। साल 1975 में इसने पहली उड़ान भरी थी। अमेरिकी सेना में इसे साल 1986 में शामिल किया गया था। इस हेलीकॉप्टर में दो जनरल इलेक्ट्रिक टी700 टर्बोशैफ्ट इंजन लगे हैं इसमें आगे की तरफ सेंसर फिट है जिसकी वजह से यह रात के अंधेरे में भी उड़ान भर सकता है। अपाचे हर तरह की परिस्थिति और मौसम में अपने दुश्मन को मात दे सकता है। अपाचे को अमेरिका के अलावा इजरायल, मिस्त्र और नीदरलैंड की सेनाएं भी इस्तेमाल करती हैं।

इस हेलीकॉप्टर में हेलिफायर और स्ट्रिंगर मिसाइलें लगी हैं। जिनके पेलोड इतने तीव्र विस्फोटकों से भरे होते हैं कि दुश्मन का बच निकलना नामुमकिन रहता है। इसके अलावा इसके दोनों तरफ 30एमएम की दो गन लगी हैं।

इसका वजन 5,165 किलोग्राम है। इसके अंदर दो पायलटों के बैठने की जगह होती है। इसमें हेल्मेट माउंटेड डिस्प्ले, इंटिग्रेटेड हेलमेट और डिस्प्ले साइटिंग सिस्टम लगा है। जिसकी मदद से पायलट हेलिकॉप्टर में लगी ऑटोमैटिक एम230 चेन गन से अपने दुश्मन को आसानी से टारगेट कर सकता है।

ज्ञात हो कि भारत ने साल 2015 में 22 अपाचे हेलीकॉप्टर की डील अमेरिकी सरकार से की है। भारत ने अमेरिका के साथ 22 ऐसे हेलीकॉप्टर के लिए अनुबंध किया था। इससे पहले वायुसेना को चिकून हैवीलिफ्ट हेलीकॉप्टर मिल चुका है। संभावना है कि अपाचे की पहली खेप जुलाई तक भारत पहुंच जाएगी। इन्हें पठानकोट एयरबेस में लाया जाएगा जहां इनकी पहली स्चाड्रन के इसी साल तैयार हो जाने की उम्मीद है।

## लाहौर में दाता दरबार विस्फोट के चार संदिग्ध गिरफ्तार



**लाहौर (आरएनएस)।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एशिया के सबसे बड़े सूफी दरगाहों में से एक दाता दरबार के बाहर आत्मघाती हमले के चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस हमले में 12 लोग मारे गये थे और कई अन्य घायल हो गये थे।

पुलिस ने बताया कि लाहौर के गढ़ी साहू इलाके में छापे मारकर चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। विस्फोट की जांच कर रही एजेंसियों ने बताया कि उन्होंने संदिग्ध आत्मघाती हमलावर को दरगाह तक लाने वाले मोटरसाइकिल रिक्शा की पहचान कर ली गयी है। हमलावर ने रेलवे स्टेशन के पास से रिक्शा लिया था।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि उन्होंने अपना ध्यान तहरीक ए तालिबान के तीन बड़े नेटवर्क से हटाकर हमले के हैंडलर्स पर केंद्रित कर दिया है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक हिजबुल अहरार पर ध्यान केंद्रित किया गया था जिसने किशोर आत्मघाती हमलावर को घटनास्थल पर भेजने की जिम्मेदारी ली थी। प्रवर्तन एजेंसियां किशोर हमलावर को दरगाह तक पहुंचाने वाले हैंडलर की तलाश के लिए हरसंभव उपाय कर रही हैं। हमले की जिम्मेदारी लेने वाला हिजबुल अहरार अतंकवादी संगठन जमातुल अहरार से अलग हुआ संगठन है।

## ट्यूमर पीड़ित बच्ची को प्रियंका ने निजी विमान से भेजा एम्स



**प्रयागराज (आरएनएस)।** चुनावों के दौरान जनता की मदद को लेकर राजनेताओं का समर्पण देखने लायक होता है। ऐसा ही एक मामला प्रयागराज में सामने आया है जहां कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्यूमर पीड़ित बच्ची की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका गांधी ने बच्ची की गंभीर हालत होने पर उसे तुरंत एक निजी विमान के जरिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित कमला नेहरू अस्पताल से दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराने भेजा। खबर के मुताबिक, ट्यूमर से पीड़ित बच्ची के माता-पिता ने इलाज के लिए प्रियंका गांधी से संपर्क किया था।

प्रियंका गांधी ने इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी योगेश शुक्ला के चुनाव प्रचार करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला, गुजरात कांग्रेस के नेता हार्दिक पटेल और पूर्व सांसद मोहम्मद अजहरुद्दीन को तत्काल प्रभाव से ट्यूमर से पीड़ित बच्ची को दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाज कराने का आदेश दिया। आनन-फानन में कांग्रेस नेताओं ने प्रचार को बीच में छोड़ बच्ची समेत उसके परिजनों को दिल्ली स्थित एम्स में इलाज के लिए ले जाने की कवायद शुरू की।

कांग्रेस पदाधिकारी जितेंद्र तिवारी ने बताया कि बीमार बच्ची को निजी विमान के जरिए उसके माता-पिता के साथ दिल्ली एम्स के लिए भेजा गया। उनके साथ मोहम्मद अजहरुद्दीन और हार्दिक पटेल भी गए हैं। उधर, राजीव शुक्ला शुक्रवार रात को ट्रेन से दिल्ली के लिए निकल हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्थित एम्स में खुद प्रियंका गांधी बच्ची के दाखिले के समय मौजूद रहेंगी। आपको बता दें कि यह पहला मौका नहीं जब प्रियंका गांधी ने किसी विपत्ति में फंसे व्यक्ति की मदद की हो. बीते फरवरी माह में प्रियंका के कांग्रेस महासचिव नियुक्त होने के बाद उन्होंने दिल्ली में एक झुग्गी बस्ती में रहने वाले 22 साल के आशीष नाम के एक दिव्यांग लड़के से उसके घर पहुंचकर मुलाकात की थी। आशीष की बहन ने बताया कि कई मौकों पर प्रियंका गांधी ने आशीष की मदद की है।

## नार्कोटिक्स विभाग ने पकड़ा 400 करोड़ के ड्रग्स

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में नशे का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। पुलिस भी इन नशा तस्करों को पकड़ने के लिए कई प्रयास कर रही है और सफल भी हो रही है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी दिल्ली में मिली। राजधानी में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब?यूरो को ड्रग्स की माफियाओं के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल हुई है। दिल्ली के नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो ने 2 किलो हेरोइन के साथ 1800 किलो की ड्रग्स को बरामद किया है। नार्कोटिक्स विभाग को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने ड्रग्स को बरामद किया। इस दौरान अधिकारियों ने एनसीबी ने 3 विदेशी ड्रग तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।

## मां के सामने कुत्तों का निवाला बना बेटा



### »कुछ ही मिनटों में उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली ,11 मई (आरएनएस)।** भोपाल में अवधपुरी में दिल दहलाने वाला मामला सामने है। शिव संगम नगर में शाम घर के बाहर खेल रहे एक छह साल के मासूम को आवारा कुत्तों ने नोंच-नोंच कर मार डाला। 6 साल का मासूम कुत्तों के झुंड के बीच खुद को बचाने की गुहार लगा रहा था। मां के सामने ही आवारा कुत्ते मासूम को नोंचते रहे। लेकिन जब तक लोगों ने आवारा कुत्तों के झुंड को भगाया तब तक काफी देर हो चुकी थी। बच्चे के शरीर में हर जगह कुत्तों के जहरीले दांत गड़े थे। बच्चे की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चे के शरीर का कोई हिस्सा ऐसा नहीं बचा, जहां कुत्तों के जहरीले दांत न गड़े हों। बच्चा चीखता रहा और कुत्ते उसे करीब 20 फीट दूर तक खींच ले गए। बच्चे की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और जैसे-तैसे बच्चे को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। उसके बाद अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही बच्चे ने दम दोड़ दिया। दिल दहला देने वाला ये वाकया सोडरपुर, सिलवानी के हरिनारायण जाटव के इकलौते बेटे संजू के साथ हुआ। शाम छह बजे वे घर लौटे तो संजू नहीं दिखा। पत्नी सावित्री ने बताया कि 15-20 मिनट पहले ही खेलने निकला है। उसके बाद मां ने घर से निकलकर बेटे को आवाज लगाई लेकिन उन्हें संजू तो नहीं दिखाई दिया, लेकिन नाले के किनारे 8-10 आवारा कुत्तों का झुंड नजर आया। कुत्तों की गुर्राहट के बीच संजू की चीखें सुनाई दीं। कुत्तों को भगाने की कोशिश की तो उन पर भी लपक गए। वह चिल्लाते हुए घर की ओर दौड़ी और कोई मेरे बच्चे को बचा लो की गुहार लगाने लगी। बच्चे के बाप हरिनारायण समेत कॉलोनी के लोग भी घर से बाहर निकल आए।

## राहुल 1984 में क्या अपने पिताजी से भी माफी मंगवाते : गिरिराज



**पटना (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने सिख विरोधी दंगों के बारे में बयान देने के लिए सैम पित्रोदा से माफी मंगवाने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल क्या 1984 में राजीव गांधी से माफी मंगवाते

बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, सिख नरसंहार का जश्न मनाने वाले गांधी परिवार ने चुनाव के कारण सैम पित्रोदा से माफी मंगवा ली। लेकिन, क्या 1984 के चुनाव में राहुल गांधी, राजीव गांधी से भी माफी मंगवाते

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और गांधी परिवार के करीबी सैम पित्रोदा ने साल 1984 के सिख विरोधी दंगे से संबंधित सवाल पूछे जाने पर अपने बयान में कहा था हुआ तो हुआ। बाद में हालांकि उन्होंने अपनी इस टिप्पणी के लिए माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि उनकी हिंदी अच्छी नहीं है, और इसलिए उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया।

अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले सिंह ने अमेरिकी समाचार पत्रिका टाइम के अंतर्राष्टीय संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडियाज डिवाइडर इन चीफ (भारत को बांटने वाला प्रमुख) बताए जाने पर भी कहा है कि टाइम पत्रिका में लिखा गया लेख पाकिस्तानी लेखक का है।

सिंह ने अपने एक अन्य ट्वीट में लिखा, टाइम में प्रकाशित लेख का लेखक एक पाकिस्तानी हैं। ये एयरस्ट्राइक में आतंकवादियों की मौत के दर्द से कराह रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी समाचार पत्रिका टाइम ने विवादास्पद हेडलाइन के साथ 20 मई के अंतर्राष्टीय संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने कवर पर स्थान दिया है। पत्रिका ने अपने कवर पर मोदी को इंडियाज डिवाइडर इन चीफ बताया है।

## नाले से निकलने लगी पुराने नोटों की गड्डियां

### देखने के लिए उमड़ी भीड़



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में उस समय लोगों की भीड़ जमा हो गई जब एक नाले से नोटों के बंडल निकलने शुरु हो गए। खास बता ये है कि इतने सारे पैसो को देखने के बाद इसे उठाने वाला कोई नहीं था। इन नोटों के बंडलो के साथ सिर्फ लोग फोटो की खींच रहे थे। मामला कानपुर के गोविंद नगर से सामने आया है।

जानकारी के अनुसार यहां पर एक नाले की सफाई का अभियान चल रहा था। इस दौरान नोटों की गड्डियां दिखीं। जब लोगों ने गड्डियों को खोलकर काउंट किया तो तीन लाख रुपए थे, लेकिन किसी ने रुपए को अपने साथ घर पर नहीं ले गया। लोग बस इन गड्डियों की फोटों खीचते रहे।

बता दें कि नगर निगम जोन-5 की टीम दोपहर में नटराज टाकीज़ के पास नाला साफ करा रही थी। सफाईकर्मियों को नाले में उतारकर सिल्ट निकलवाते समय एक बैग मिला। उस बैग में 500-500 के पुराने नोट के बंडल थे। यह देखते ही कर्मियों ने सफाई रोक कर दी। साथ ही राहगीरों की भीड़ लग गई। बताया जा रहा है कि नोटबंदी के समय किसी ने पुलिस से बचने के लिए इन रुपए के बंडलों को नाले में फेक दिया होगा।

## बंगाल के दो पोलिंग बूथों पर ईसी ने मतदान किया रद्द

### » आज दोबारा होगी वोटिंग




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने बैरकपुर 15 लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले कंछरापारा उद्बोधोनी माध्यमिक विद्यालय के पोलिंग बूथ नंबर 116 और आरामबाग लोकसभा सीट के अंतर्गत लस्कारपुर नेताजी प्राथमिक विद्यालय के पलिंग बूथ नंबर 110 में दोबारा मतदान होगा। चुनाव आयोग ने यहां हुए मतदान को शून्य घोषित कर दिया है। आयोग ने आदेश दिया है कि इन दोनों बूथों पर 12 मई को दोबारा मतदान होंगे।

गौरतलब है कि पांचवे चरण में बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं की आपसी भिडंत के चलते मतदान प्रभावित हुआ। जल्द ही इस आपसी झड़प ने हिंसा का रूप ले लिया था जिसमे बीजेपी नेता भी चोटिल हुए थे। जिसके बाद बीजेपी ने चुनाव आयोग से इन सीटों पे दोबारा मतदान करवाने की मांग की थी। पार्टी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी चुनाव हार रही हैं और इसी वजह से वह गड़बड़ी कर चुनाव जीतना चाहती हैं। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ताओं को बुरी तरह से पीटा गया है और काफी वोटरों को पोलिंग बूथ तक नहीं जाने दिया गया। बीजेपी का आरोप है कि चुनाव आयोग के आदेश के बावजूद वहां पर केंद्रीय बलों की तैनाती नहीं की गई।

छठे चरण में 12 मई को पश्चिम बंगाल के आठ सीटों पर मतदान होना है। पश्चिम बंगाल की तमलुक, कांथी, घटल, झारग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा, बिष्णुपुर सीटों पर रविवार को मतदान होंगे।

## मेडिकल छात्र ने गर्लफ्रेंड पर फोड़ा फेल होने का ठीकरा

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में एक अजीब मामला सामने आया है। जहां मेडिकल के एक छात्र ने परीक्षा में फेल होने का पूरा ठीकरा अपनी गर्लफ्रेंड पर फोड़ दिया। पुलिस ने छात्र को गिरफ्तार किया है।

मेडिकल छात्र बीड़ जिले का रहने वाला है। औरंगाबाद के एक मेडिकल कॉलेज में उसने पिछले साल बीएचएमएस कोर्स में दाखिला लिया था। इसी दौरान क्लास में पढ़ने वाली एक मेडिकल छात्रा से उसका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। रिलेशनशिप में होने के कारण छात्र पढ़ाई में ध्यान नहीं दे पाया और पहली परीक्षा में ही फेल हो गया। जिस कारण उसे चार साल के बीएचएमएस कोर्स के दूसरे साल में उसे ऐडमिशन नहीं मिला। छात्र ने फेल होने का पूरा जिमा अपनी गर्लफ्रेड पर दे डाला और उसे सताना शुरू कर दिया। इसके बाद छात्र ने गर्लफ्रेंड से कहा कि वह उसके अभिभावकों को क्षतिपूर्ति करते हुए पहले साल की फीस अदा करे।

मेडिकल छात्र की डिमांड से डरी छात्रा ने उससे बात करना बंद कर दिया और दूरी बना ली। इसके बावजूद आरोपी छात्र नहीं माना। बार-बार फोन पर मेसेज भेजने के अलावा कई बार उसने कॉल करते हुए परेशान करने की कोशिश की। जब छात्रा ने उसकी बात को अनदेखा किया तो आरोपी छात्र ने सोशल मीडिया का दुरूपयोग शुरू किया।